तिब्बती अपहृत बालक

11वें पेंछेन लामा गेंदुन छोक्यि ञिमा
की स्मृति में कथा

तिब्बती अपहृत बालक

11वें पेंछेन लामा गेंदुन छोक्यि ञिमा
की स्मृति में कथा

सूचना एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग
केंद्रीय तिब्बती प्रशासन

प्रकाशक:
संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ और मानवाधिकार देस्क
सूचना एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग
केंद्रीय तिब्बती प्रशासन, धर्मशाला
हिमाचल प्रदेश-176215

Email: euhrdesk@tibet.net
www.tibet.net

© 2022 DIIR

Cover Illustration:
Sudip Roy

Design & Printed by:
Norbu Graphics, New Delhi

विषय-सूची

प्रस्तावना--4
परिचय ---7
पेंछेन लामा की उत्पत्ति, उपाधि एवं महत्व---------------------------------9
10वें पेंछेन लामा---12
70 हज़ार अक्षरों की याचिका--------------------------------------20
11वें पेंछेन लामा की तलाश---------------------------------------25
पेंछेन लामा की रिहाई हेतु संयुक्त राष्ट्र के प्रयासों की अनुसूची-------------------29
अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय द्वारा 11वें पेंछेन लामा की रिहाई पर बयानः---------------32

- पाँच संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार विशेषज्ञों तथा मानवाधिकार निकायों-----33
- एंड्रयूस नेविकेस, लिथूयाना सियामस के सदस्य---------------------37
- ब्रेंड, शुवाबे, जेनसेन, बोअस, सीडीयू/सीएसयू, एसडीएफ, एफडीपी, ऐलायन्स 90/दा ग्रीन्स, जर्मनी के मानवाधिकार नीति की प्रवक्ताएं--------------38
- तिब्बत पर चेक सर्वदलीय संसदीय समूह, चेक गणराज्य--------------39
- गारनेट जिनस, कनाडा के सांसद---------------------------------40
- जेम्स मैक्गोवर्न, अमेरिका प्रतिनिधि सभा के सांसद------------------42
- माइक पोम्पीयो, अमेरिका राज्य विभाग के सचिव-------------------43
- स्लोवाक गणराज्य के राष्ट्रीय परिषद, स्लोवाकिया--------------------44
- रिपून बोरा, संसद सदस्य, भारत---------------------------------45
- रोबर्टो रेम्पी, संसद सदस्य, इटली---------------------------------46
- सैम्यूल कोगलाटी, संसद सदस्य, बेल्जियम-------------------------47
- सैम्यूल ब्रोउनबैक, अन्तर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता के लिए विशेष राजदूत, संयुक्त राज्य अमेरिका--48
- शिमोमुरा हाकुबुन, संसद सदस्य, जापान--------------------------49
- तिब्बत हेतु स्विस संसदीय समूह, स्विडजरलैंड----------------------50
- तिब्बत हेतु ताइवान संसदीय समूह, ताइवान-----------------------51
- तिब्बत इंटरेस्ट ग्रुप, यूरोपीय संसद, यूरोप--------------------------52
- टीम लॉगटन, संसद सदस्य, यूनाइटेड किंगडम----------------------54
- वेलेनकोसीनी एफ. हलबीसा, इंकाथा फ्रीडम पार्टी के अध्यक्ष, दक्षिण अफ्रीका---55
- वारेन ऐन्छ, संसद सदस्य, ऑस्ट्रेलिया----------------------------57
- टिप्पणियाँ--58
- सन्दर्भ ग्रंथसूची---60

प्रस्तावना

प्रस्तावना

चीनी कम्युनिस्ट शासन द्वारा तिब्बत के 11वें पेंछेन लामा को गायब किये जाने की 26वीं वर्षगांठ पर केंद्रीय तिब्बती प्रशासन ने “तिब्बती अपहृत बालकः 11वें पेंछेन लामा गेंदुन छोक्यि ञिमा की स्मृति में कथा” नामक पुस्तक पेंछेन लामा के आसन की ऐतिहासिक, समकालीन तथा भविष्य के महत्व पर जानकारी देने के लिए प्रकाशित किया है। इस पुस्तक को प्रारम्भिक में अंग्रेजी और चार अन्य भाषाओं तिब्बती, जापानी, चीनी तथा हिंदी में प्रकाशित किया गया है। 17 मई 2021 को तिब्बती, अंग्रेजी और जापानी के पूर्व तीन प्रकाशन का विमोचन किया था। हम यह उम्मीद करते है कि वर्तमान प्रकाशन हिंदी और चीनी क्रमशः भारत तथा चीन के जनता को चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा तिब्बत के पेंछेन लामा तथा उसका जबरन गायब किये जाने के बारे में अधिक जानकारी देंगे।

सूचना एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग, पेंछेन लामा की हिमायत कार्यक्रम को संभव बनाने, इन पुस्तकों के प्रकाशन में सहायता प्रदान करने तथा अंतर्राष्ट्रीय हिमायत यात्रा में अर्थिक सहयोग देने के लिए लोकतंत्र के लिए राष्ट्रीय बंदोबस्ती अर्थात नेशनल एंडोमेंट फॉर डेमोक्रेसी (एनईडी) को आभार प्रकट करते है।

पेंछेन लामा की हिमायत अभियान चार प्रमुख उद्देश्यों पर कार्य करता है। सर्वप्रथम और सबसे महत्वपूर्ण, पेंछेन लामा के स्वास्थ्य और उनके परिवार तथा जड्रेल रिंपोछे के बारे में जानकारी को प्रचारित करने हेतु एक स्वतंत्र तथ्यान्वेषी मिशन की अनुमति देने के लिए चीन लोक गणराज्य पर दबाव जारी रखने के लिए अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से आग्रह करना है।

दूसरा, 10वें पेंछेन लामा को उनके द्वारा तिब्बत तथा तिब्बती लोगों के प्रति बलिदानों के लिए सम्मानित करना है। 10वें पेंछेन लामा ने चीनी शासन में कई वर्षों तक यातनाएं तथा जेल में रहने के बाद भी वह अपनी दृढ़ संकल्प और इच्छाशक्ति के साथ तिब्बती लोगों, संस्कृति तथा धर्म के प्रति समर्पित रहा है। तिब्बत और तिब्बती लोग उसके बलिदानों के लिए ऋणी है।

तीसरा, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा तिब्बती बौद्ध प्रणाली के पुनर्जन्म मामले में हस्तक्षेप करने के लिए निंदा करना है। 2007 में चीन के “ऑडर ना0 5” यह अनिवार्य किया जाता है कि सभी बौद्ध मठों के व्यक्तियों को पुनर्जन्म वाले प्राणी के रूप में पहचानने से पहले पुनर्जन्म के आवेदन सरकार को प्रस्तुत करना होगा। यह तिब्बती लोगों के सदियों पुरानी तिब्बती बौद्ध धर्म के पुनर्जन्म परंपरा को अपवित्र करता है। यदि उसका सामना नहीं किया तो चीनी सरकार निश्चित

रूप से न केवल तिब्बती बौद्धों के खिलाफ बल्कि अन्य सभी धार्मिक परंपरा के खिलाफ भी अधिक अपमानजनक नीतियों लागू करेंगे।

अंत में, परम पावन दलाई लामा जी के पुनर्जन्म मामले में बीजिंग की रणनीति को पहले से जानना है और उसे विफल करना है। परम पावन दलाई लामा जी ने पिछले साठ वर्षों से तिब्बती लोगों की अधिकारों का संरक्षण किया है। चीनी सरकार ने बिना कोई विश्वसनीयता और वैधता के अगले दलाई लामा की चयन करने की घोषणा किया है। परम पावन दलाई लामा जी के पुनर्जन्म के संबंध में बीजिंग की रणनीति को हमें 11वें पेंछेन लामा की जबरन गायब होने के आलोक में समझना होगा।

पिछले साठ वर्षों से तिब्बत के अंदर तिब्बतियों को अपनी बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित किया गया है। चीन के दमनकारी शासन में, तिब्बत एक विशाल कारागर की तरह बना हुआ है। मैं अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से चीनी कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा तिब्बती पहचान और मानवता की बुनियादी मूल्यों को नष्ट करने के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की आग्रह करता हूं। चीनी कम्युनिस्ट शासन द्वारा पेंछेन लामा तथा अवैध रूप से कैद किए गए अन्य सभी तिब्बतियों को शीघ्र रिहाई हेतु मांग करने के लिए एक सशक्त और एकजुट प्रतिक्रिया प्रदर्शित करने की जरूरत है।

Central Tibetan Administration
Department of Information & International Relations

नोरजीन डोल्मा
कालोन (मंत्री)
सूचना एवं अंतर्राष्ट्रीय संबंध विभाग, धर्मशाला

सितंबर 2022

बाएं सेः 10वें पेंछेन लामा, अध्यक्ष माओ चे़दुंग,
परम पावन 14वें दलाई लामा 1954

परिचय

17 मई 1995 को छह साल के तिब्बती बालक गेंदुन छोक्यि ञिमा को 11वें पेंछेन लामा के रूप में मान्यता देने के तीन दिन बाद चीनी सरकार ने उन्हें बाल्यावस्था में अपहरण किया था। पेंछेन लामा के साथ उनके माता-पिता, भाई एवं जड्रेल रिन्पोछे * को भी अपहरण कर लिया था। पिछले पच्चीस सालों से चीनी शासन ने उनके ठिकाने तथा स्वास्थ्य के बारे में कोई जानकारी देने से मना किया है। इसके विपरीत चीनी शासन ने पेंछेन लामा तथा उनके परिजनों के बारे में अविश्वसनीय और झूठा बयान देते रहें है। सन् 2015 में चीन सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि पेंछेन लामा शिक्षित है, वह सामान्य जीवन जी रहे है, अच्छे स्वास्थ्य में बढ़ रहे है और वह नहीं चाहते कि उन्हें कोई परेशान करें।[1] और हाल ही में चीनी शासन ने एक बयान में कहा है कि पेंछेन लामा महाविद्यालय से स्नातक के साथ काम कर रहा है और न तो वह और नही उनका परिजन अपने वर्तमान सामान्य जीवन में कोई परेशानी नहीं चाहते है।[2]

परम पावन दलाई लामा जी के बाद, पेंछेन लामा तिब्बती बौद्ध धर्म में सबसे महत्वपूर्ण आध्यात्मिक गुरु में से एक है। तिब्बत पर चीनी आक्रमण के दौरान 14वें दलाई लामा और 11वें पेंछेन लामा दोनों उस समय समकालीन थे। 1959 में परम पावन दलाई लामा जी को तिब्बत से निर्वासन में पलायन के बाद तिब्बत में 10वें पेंछेन लामा ने तिब्बतियों का नेतृत्व किया था। इसके तुरन्त बाद 10वें पेंछेन लामा को “तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के लिए प्रारम्भिक समिति” के कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किए गए था। चीनी शासन ने पेंछेन लामा को “अमूल्य राजनीतिक उपकरण” के रूप में देखा था। तिब्बत के धार्मिक लोगों तथा तिब्बत के अन्दर चीनी नीतियों को वैधता प्राप्त करने के लिए एक साधन के रूप में उपयोग करना चाहा। लेकिन चीन सरकार के लिए पेंछेन लामा एक मुखपत्र बनने के लिए बहुत पुण्य साबित नहीं हुआ। सन् 1962 में पेंछेन लामा जी ने तिब्बत में माओ की नीतियों का प्रामाणिक उदाहरण देते हुए 70 हज़ार अक्षरों वाले याचिका (70,000 Character Petition) की आलोचना प्रस्तुत किए थे। जिसके परिणामस्वरूप उन्हें चौदह सालों तक हिरासत में रखा गया।

प्रसिद्ध तिब्बत विशेषज्ञ रोबी बेरनाट ने इस याचिका पर लिखा कि हमारी जानकारी के अनुसार चीन में ऐसा कोई अन्य दस्तावेज नहीं मिलेगा जहाँ एक

** जड्रेल रिन्पोछे तिब्बत में टाशि ल्हुन्पो मठ के मठाधीश थे जो कि पेंछेन लामा के पारम्परिक आसन है। वह 11वें पेंछेन लामा की खोजने के लिए तलाश समिति के प्रमुख थे।*

वरिष्ठ अधिकारी इतनी विस्तार से अध्यक्ष माओ के नीतियों और प्रथाओं को लेकर खुलकर विस्तार से हमला किया हो।[3]

सन् 1977 में पेंछेन लामा का चीन जेल से रिहा होने के बाद भी, उन्होंने तिब्बती लोगों की कल्याण के लिए निरन्तर कार्य जारी रखा था। उन्होंने ज्यादातर समय तिब्बती संस्कृति जैसे मठों और स्कूलों की पुनर्निर्माण के लिए समर्पित किया था। इसमें कोई सन्देह नहीं है कि 10वें पेंछेन लामा जी तिब्बती लोगों की सच्चे रक्षक थे। उन्होंने अपने जान को ख़तरे में डालते हुए तिब्बत में तिब्बती लोगों की हितों के लिए बोला है और उनके लिए कार्य भी किया है।[4] वास्तव में उन्हें आधुनिक तिब्बती इतिहास में तिब्बतियों की पहली मानवाधिकारों के रक्षकों के रूप में माना जाना चाहिए।[5]

28 जनवरी 1989 को 10वें पेंछेन लामा जी का निधन हुआ था जिसके कारण तिब्बत में स्थिति बहुत गम्भीर हो गई थी। तिब्बत पर चीनी कब्ज़े के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब पुनर्जन्म की खोज में तिब्बत की राजनीतिक परिदृश्य में बहुत बड़ा बदलाव देखा है। चीनी सरकार के नज़र में यह एक सही अवसर है जहाँ वह तिब्बत पर अपने शासन को सुधार करने के लिए पेंछेन लामा नियुक्त करके तिब्बत पर सीधे नियंत्रण एवं सफ़ाई से काम करना था। लेकिन तिब्बतियों के लिए परम पावन दलाई लामा जी द्वारा मान्यता प्राप्त पेंछेन लामा को ही वह सही मायने में सम्मान और विश्वास करेंगे। यह वास्तव में समझ से बाहर हैं क्योंकि चीनी कम्यूनिस्ट के संस्थापक माओ त्सेदुंग ने कुख्यात रूप से कहा था कि धर्म एक ज़हर हैं [6] और दूसरी तरफ़ चीन पेंछेन लामा के पुनर्जन्म चयन करने के मामले में अपना अधिकार दावा कर रहा है। फिर भी चीन सरकार ने तिब्बत में अपना सम्पूर्ण नियंत्रण रखने के लिए तिब्बत के लोगों पर हर प्रकार की बल अपनाया है और उससे वह कभी कतराते नहीं थे।

14 मई 1995 में परम पावन दलाई लामा ने माध्य तिब्बत के नागछू से गेंदुन छोक्यि ञिमा नामक बालक को 11वें पेंछेन लामा की स्वीकृति दी थी। इसके तुरन्त तीन दिन बाद 11वें पेंछेन लामा सहित उनके माता, पिता और बड़े भाई को अपने गाँव के पास से विमान के जारिए हिरासत में ले गया।[7] तब से लेकर अब तक उनके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है, ना किसी ने देखा है और ना किसी ने सुना हैं। उसकी जगह चीन सरकार ने पार्टी सदस्य के पुत्र ग्यालछेन नोर्बू नामक बालक को उनके कठपुतली पेंछेन लामा के रूप में स्वीकृत किया।[8] आज तक तिब्बतियों ने ग्यालत्सन नोर्बू को कोई मान्यता नहीं दी है फिर भी चीनी शासन उन्हें पेंछेन लामा के रूप में विशाल प्रदर्शन किया जा रहा है जबकि सच्चा अवतार पेंछेन लामा अब भी चीनी जेल में क़ैद हैं।

पेंछेन लामा की उत्पत्ति, उपाधि एवं महत्व

परम पावन दलाई लामा जी और पेंछेन लामा के बीच विशेष आध्यात्मिक सम्बन्ध रहा है और उन्हें तिब्बती बौद्ध परम्परा में “यब से गोन्पो” जिसका अर्थ है पिता/पुत्र संरक्षक, से भी जाने जाते हैं। तिब्बती बौद्ध परम्परा में ऐसा माना जाता है कि पेंछेन लामा को असीम प्रकाश बुद्ध यानी बुद्धा अमिताभ (Tib: འོད་དཔག་མེད།) का अवतार और परम पावन दलाई लामा को करुणा का बोधिसत्व यानी भगवान अवलोकितेश्वर (Tib:སྤྱན་རས་གཟིགས།) के अवतार मानते हैं।

चौथा पेंछेन लामा व पेंछेन लामा उपाधि से सम्मानित पहला व्यक्ति

17वीं शताब्दी के समय से ही दलाई लामाओं और पेंछेन लामाओं के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध रहा है। जब चौथा दलाई लामा का 1617 में निधन हुआ था, तब उनके दिवंगत गुरु लोब्संङ छोक्यि ने चौथे दलाई लामा जी के पुनर्जन्म की खोज का ज़िम्मेदारी ली थी। लोब्संङ छोक्यि और चौथे दलाई लामा बहुत ही क़रीब थे, यह वह व्यक्ति था जिसने चौथे दलाई लामा को एक भिक्षु के रूप में पहला प्रतिज्ञा दिलाई थी।[9] पाँचवे दलाई लामा का पहचान के बाद, उन्हें युवा अवस्था में मध्य तिब्बत के छोंग्या गाँव से तिब्बत के सबसे बड़े मठ ड्रेपुंङ में लाया गया था। सन् 1625 में पाँचवे दलाई लामा के भी शिक्षक लोब्संङ छोक्यि ने युवा दलाई लामा को मठवासी शिक्षा की दीक्षा दी।[10]

टाशि ल्हुन्पो मठ, शिगाचे़, पेंछेन लामा के पारम्परिक निवास

पाँचवें दलाई लामा जी को अक्सर लोग “महान पाँचवा” के रूप में जाना जाता हैं क्योंकि वह पहला दलाई लामा है जिन्होंने तिब्बत के सभी राजनीतिक एवं अध्यात्मिक उत्तराधिकारी की ज़िम्मेदारी ली थी। अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने हेतु पाँचवें दलाई लामा जी ने लोब्संङ छोक्यि को पेंछेन लामा का नाम प्रदान की जिसका अर्थ है “अनमोल शिक्षक”। लोब्संङ छोक्यि वह पहला पेंछेन लामा थे जिन्हें इस उपाधि से सम्मानित किया गया था। लेकिन इस नाम को पूर्व के सभी तीनों अवतारों को भी प्रदान किया गया था, जिससे वे चौथे पेंछेन लामा बन गए।[11] लोब्संङ छोक्यि ने अपने पूर्वजों की मार्ग पर चलते हुए टाशि ल्हुन्पो मठ की मठाधीश के रूप में सेवा की थी।

पिछले तीन शताब्दियों के अधिक समय से दलाई लामाओं और पेंछेन लामाओं के अच्छे सम्बन्धों ने तिब्बत की राजनीतिक परिदृश्य का आकार मिला है। गेलुग बौद्ध परम्परा के सर्वोच्च आध्यात्मिक गुरुओं के रूप में पेंछेन लामा जी और दलाई लामा जी के उत्तराधिकारियों ने एक दूसरे के प्रति गुरु और शिष्य के रूप में एक दूसरे के लिए कार्य किया है। उन



9वें पेंछेन लामा, थुपतेन छोक्यि ञिमा, 1905

दोनों के जीवन में जो भी बड़े होते हैं उन्हें मठवासी दीक्षा और तांत्रिक वंश सौंपने की ज़िम्मेदारी लिया है। इसके अतिरिक्त, किसी एक की गुज़ार जाने के बाद दूसरे ने पारम्परिक रूप से पुनर्जन्म* मामले में पहचान करने की मुख्य भूमिका निभाई हैं। हाल में, 9वें पेंछेन लामा जी ने वर्तमान 14वें दलाई लामा जी की पहचान करने में मदद की हैं, उसी प्रकार 10वें पेंछेन लामा जी और 11वें पेंछेन लामा जी को 14वें दलाई लामा जी ने मान्यता दी हैं।

यह ध्यान में रखना अत्यंत महत्वपूर्ण है कि दो लामाओं की मान्यता के लिए आपसी मान्यता जरुरी नहीं है। ऐसा नहीं है कि केवल पेंछेन लामा ही दलाई लामा की पहचान कर सकते है और दलाई लामा ही पेंछेन लामा की पहचान करते है।

10वें पेंछेन लामा और परम पावन 14वें दलाई लामा, 1954

10वें पेंछेन लामा

10वें पेंछेन लामा जी, लोब्संङ ठ्रिन्ले ल्हुन्डुप छोक्यि का सन् 1938 में उत्तर-पूर्वी तिब्बत के आम्दो प्रान्त के कारंग बिदो गाँव में जन्म हुआ था।

1951 में परम पावन 14वें दलाई लामा जी ने आधिकारिक रूप से छोक्यि ग्यालछेन को तेन्ज़िन ठ्रिन्ले जिग्मे छोक्यि वाङछुग उपाधि के साथ 10वें पेंछेन लामा जी की मान्यता दी थी। छोक्यि ग्यालछेन का 10वें पेंछेन लामा की मान्यता प्राप्त करने के तुरन्त बाद 28 अप्रैल 1952 में ल्हासा पहुँचा था। ल्हासा में कुछ समय के लिए प्रवास के दौरान उन्होंने दो बार परम पावन दलाई लामा जी का दर्शन मिला। परम पावन दलाई लामा जी ने पेंछेन लामा जी के साथ मुलाकात की स्मरण अपनी पुस्तक मेरा देश, मेरे देशवासी में उल्लेख किया है। परम पावन दलाई लामा जी कहते है कि तिब्बती बौद्ध परम्परा के अनुसार एक वरिष्ठ भिक्षु को सम्मान करने की आवश्यकता के तहत पेंछेन लामा जी ने भी मेरी पद के लिए सच्चा सम्मान दिखाया है। एक सच्चा तिब्बती की तरह वह अपने शिष्टाचार में सही और सुखद था। और मुझे अप्रत्याशित सद्भावना की दृढ़ छाप मिली थी।[12]

10वें पेंछेन लामा का कुमबुम मठ में राज्यभिषेक, 1954

1954 में परप पावन दलाई लामा जी और पेंछेन लामा जी को चीन सरकार ने पहला राष्ट्रीय लोग कांग्रेस के लिए सम्मानित प्रतिनिधियों के रूप में चुने गये थे। इस क्षमता में, उन दोनों ने बेजिंग की यात्रा की थीं और दलाई लामा जी को पहला राष्ट्रीय लोग कांग्रेस की स्थाई समिति के उपाध्यक्ष और पेंछेन लामा जी को चाईनीज पीपल्स पोलिटिकल कांसलटेटिव कांग्रेस के उपाध्यक्ष जैसे अनेक पदों के साथ मनोनीत की गई थीं।[13] उन्हें अलग

अलग पदों में नामित किया था लेकिन वास्तव में उनके पास बहुत काम ही अधिकार थे।

1959 में परम पावन दलाई लामा जी का निर्वासन में पलायन के बाद, पेंछेन लामा जी को “तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के लिए प्रारम्भिक समिति” की कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया था। इसके बावजूद, पेंछेन लामा जी सही मायने में एक सच्चा तिब्बती राष्ट्र भक्त बने रहें। उन्हें अत्यन्त चिन्ता हुई जब यह पता चला कि चीनियों ने हज़ारों तिब्बती सरकारी अधिकारियों, उच्च



परम पावन 14वें दलाई लामा और पेंछेन लामा की ल्हासा में मुलाकात, 1952

लामाओं, विद्वानों, समुदाय के नेताओं तथा हर वर्ग के तिब्बती लोगों को जेल में डाल दिया था। उन्होंने चीनी अधिकारियों द्वारा सम्पूर्ण तिब्बत की पूरी आबादी को तबाह करने की साजिश का शिकायत किया है। चीनियों ने उनकी विरोध का यह सफ़ाई दिया है कि ऐसी छोटी ग़लतियाँ सुधार आन्दोलन में अनिवार्य हैं। सन् 1962 में राष्ट्रीय लोग कांग्रेस के उप-अध्यक्ष की योग्यता में पेंछेन लामा ने तिब्बत के सभी क्षेत्रों के साथ शिंझियांग और दक्षिण चीन का निरीक्षण के लिए दौरा की थीं। उन्होंने अपने यात्रा की पूरी संस्करण 70 हज़ार अक्षरों की याचिका (70,000 Character Petition) नामक से जानने वाले पुस्तक में लिखा है। (इस याचिका का विस्तार भाग अगले अध्याय में प्रस्तुत है)

मई 1962 की एक शाम को पेंछेन लामा जी ने अपने शिक्षक को आवास में आमंत्रित कर कहा कि मैं, यह याचिका चीनी नेतृत्व को प्रस्तुत कर रहा हूँ। पेंछेन लामा जी के गुरु ने उन्हें प्रार्थना करते हुए इस याचिका को चीनी अधिकारियों को ना प्रस्तुत करने की अनुरोध किया था। उन्होंने पेंछेन लामा को तर्क देते हुए कहा कि चीन सरकार को तिब्बत की स्थिति के बारे में पूरी तरह जानकारी है और यदि वह इसे ठीक करना चाहते हैं तो वह पहले से ही ठीक कर चूके होते।[14] हालाँकि पेंछेन लामा जी ने उनसे कहा कि मुझे तिब्बत की लोगों के प्रति कार्य करने की अपरिहार्य ज़िम्मेदारी है।

18 मई 1962 को पेंछेन लामा जी ने चीन के प्रधानमंत्री ज़ाउ एनलाई के साथ मुलाक़ात कर यह याचिका पेश किया था। इस याचिका का मूल प्रति तिब्बती

भाषा में है, चीनी भाषा में इसका अनुवाद किया था। पेंछेन लामा जी ने चीनी अधिकारियों से इस याचिका को जिस प्रकार से लिखे हैं उसी प्रकार से स्वीकार करने तथा तिब्बत में सामाजिक, आर्थिक एवं सांस्कृतिक दुर्दशा की सुधार करने की आग्रह किया। इसके अलावा याचिका में यह कहा है कि हमारे पास कोई साधन नहीं हैं कि कितने तिब्बतियों की विद्रोह के दौरान गिरिफ़्तारी हुई हैं परन्तु हमें बाहरी चीज़ों से यह अनुमान लगाया जा सकता है कि तिब्बत के सभी क्षेत्रों से दस हज़ार या उससे अधिक की संख्या में तिब्बतियों को बन्दी बना रखा है। इसलिए अगर हम कहते हैं कि यह सभी लोग शत्रु हैं तो हम यह पुष्टि कर सकतें है कि महिलाएं, बूढ़े, बच्चें और कुछ युवा पुरुष के अलावा शायद ही कोई तिब्बती हमारे बीच बचा हो।[15]

पेंछेन लामा की याचिका के जवाब में चीनी प्रधानमंत्री ज़ाउ एनलाई ने यूनाइटेड फ्रोंड डिपार्टमेंट के नेताओं और वरिष्ठ चीनी अधिकारियों को तिब्बत में उनके कार्य की समीक्षा करने का निर्देश दिया था। वे अपने नीतियों में सुधार करने के लिए चार दस्तावेज़ों के साथ आए।[16] अगस्त 1962 में पेंछेन लामा जी तिब्बत वापस लौट गए, यह उम्मीद लेकर कि चीनी नेतृत्व उनकी याचिका में गहरी रूची ले रहे हैं और तिब्बती लोगों की प्रति उनके सहयोग के

नेशनल पीपुल्स कांग्रेस में तिब्बती प्रतिनिधिमंडल, 1954

प्रयासों में सफल हो रहा हैं। प्रारम्भ में इस याचिका का सकारात्मक प्रभाव दिख रहा था, चीनियों ने तिब्बत के विभिन्न मठों में भिक्षुओं की संख्या बढ़ाने को स्वीकार किया और 1959 से चीनी हिरासत में क़ैद किए गए कई तिब्बती अधिकारियों को भी रिहा कर दिया था।[17]

हालाँकि स्थिति बहुत गम्भीर मोड़ पर आ गई जब केन्द्रीय समिति बैठक के दौरान राष्ट्रपति माउ चे़दुंग ने यूनाइटेड फ्रोंड वार्क डिपार्टमेंट के नेताओं द्वारा पेंछेन लामा जी के प्रति अतिप्रियता पर अलोचना किया। माओ के अनुसार पेंछेन लामा जी बहुत ज्यादा गौरवान्वित बन गये हैं।[18] पेंछेन लामा पर एक “प्रतिक्रियात्मक बल” होने का आरोप लगाया था और आत्म-आलोचना करने का आदेश दिया था। जब इस बैठक का ख़बर तिब्बत में पहुँचा तब तिब्बत कार्य समिति के चीनी नेतागण खुश हुए। उनके नज़र में पेंछेन लामा को चीन सरकार के खिलाफ़ 70 हज़ार अक्षरों की याचिका के आलोचना का दण्ड देने का समय आ गया है। अक्टूबर 1962 में तिब्बत कार्य समिति ने पेंछेन लामा जी को प्रतिक्रियात्मक गर्व के आरोप लगाया तथा उन्हें आत्मा-आलोचना करने की निर्देश दिया परन्तु उन्होंने इसको अस्वीकार किया।[19]

1964 के महान प्रार्थना उत्सव (मोनलम छेनमो) के दौरान पेंछेन लामा जी ने चीनी नेतृत्व को दुबारा क्रोधित किया जब उन्होंने दास हज़ार से अधिक भीड़ में यह



बाएं सेः चीनी प्रधानमंत्री ज़ाउ एनलाई, भारतीय प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, परम पावन 14वें दलाई लामा तथा 10वें पेंछेन लामा, 1956

पेंछेन लामा की चीनी प्रधानमंत्री ज़ाउ एनलाई के साथ मुलाकात, 1961

घोषणा किया किः आज जब हम यहाँ एकत्रित हुए है, मैं यह पूरा विश्वास के साथ घोषणा करता हूँ कि परम पावन दलाई लामा जी का स्वर्ण गद्दी पर वापसी होंगे। परम पावन दलाई लामा जी अमर रहें।[20]

पेंछेन लामा के ऐसे साहसी और अवहेलना कार्य की डर से चीन सरकार ने उन्हें घर में नज़रबन्दी और चीनी नीतियों के खिलाफ़ आलोचना करने के लिए सुनवाई में रखा गया। उन्हें उनके सभी पदों से बर्खास्त कर दिया और चीनी सरकार द्वारा सार्वजनिक अपमान और यातना के रूप में इस्तेमाल किये जाने वाला एक संघर्ष सत्र थामजिंङ के अधीन रखा गया था। दिसम्बर 1964 में पेंछेन लामा को बीजिंग लाया गया और उन्हें घर में नज़रबन्द रखा गया।

सांस्कृतिक क्रान्ति के शुरुआत में उनकी स्थिति अधिक गम्भीर होने लगा। अगस्त 1966 की एक शाम को चीनी लाल सेना के एक गिरोह ने पेंछेन लामा जी के घर में घुसकर उन्हें हिरासत में लिया। उन्हें दण्ड देने वालों ने उनसे पूछताछ की, उसकी भुजाओं को पीठ के पीछे कसकर कपड़ों से बाँध दिया जिसके कारण उनके मांस की गहरा हिस्सा कट गया। उन लोगों ने उन पर थूका और दुर्व्यवहार किया, उसके बाद उन्हें सड़कों पर घुमाया और लाउडस्पीकार से यह एलान किया कि वह सबसे बड़ा प्रतिक्रियावादी गुलाम मालिक और तिब्बत में सबसे बड़ा विश एवं रक्तदाता की आरोप लगाया गया था।[21]

अक्टूबर 1977 तक पेंछेन लामा जी बीजिंग के क़ैद में रहें। बाहरी दुनिया को पेंछेन लामा जी के पुनः वापसी के बारे में पहली बार 26 फरवरी 1978 को पता चला जब चाइना न्यूज एजेंसी ने पेंछेन लामा का बीजिंग में आयोजित होने वाले पाँचवा चीनी राजनीतिक परामर्श सम्मेलन की राष्ट्रीय समिति में उपस्थित होने की रिपोर्ट प्रकाशित किया था। उस समय तक तिब्बत में तिब्बतियों को यह भी पता नहीं था कि पेंछेन लामा जी जीवित है या मृत्यु हो गई।

सन् 1979 को पेंछेन लामा जी को राष्ट्रीय लोग कांग्रेस के उपाध्यक्ष पद के लिए पुनः नियुक्त किये गये थे। उन्होंने चीनी अधिकारियों से तिब्बत की यात्रा के लिए अनुमति माँगी परन्तु उन्हें यह स्वीकृति दो साल बाद मिली। (जुलाई सन् 1983 में पेंछेन लामा जी ने पहली बार सन् 1965 के बाद तिब्बत में वापसी की)। तिब्बत की धर्म एवं संस्कृति के विनाश और दुर्दशा

संघर्ष समय के दौरान जब पेंछेन लामा को चीनी शासन ने सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा और अपमानित किया था, 1964

देखकर, पेंछेन लामा जी ने अपने शेष जीवन तिब्बती लोगों की सेवा के लिए समर्पित करने का निर्णय लिया था। पेंछेन लामा जी के अथक प्रयास से सन् 1985 में तिब्बत विश्वविद्यालय का ल्हासा में शुरुआत की थीं।[22] सन् 1987 में पेंछेन लामा जी ने सफलतापूर्वक तिब्बती भाषा को तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के आधिकारिक भाषा के रूप में कानून पारित की थी।[23] साथ ही उन्होंने तिब्बती भाषा में शिक्षा अध्ययन करने के लिए समय सारणी परिचय दीं। उसी वर्ष पेंछेन लामा जी ने वरिष्ठ तिब्बती बौद्ध लामाओं के लिए एक स्कूल का बीजिंग में स्थापना की और तिब्बत विकास निधि नामक प्रथम गैर सरकारी संस्था का तिब्बत में शुरू की थी। यह संस्था विशेष रूप से तिब्बत में विकास परियोजनाएं हेतु विदेशी सहायता आकर्षण के लिए स्थापित किया गया था।[24]

मार्च 1987 में बीजिंग में आयोजित राष्ट्रीय लोग कांग्रेस की तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के लिए स्थाई समिति की बैठक के दौरान पेंछेन लामा जी ने चीनी शासन द्वारा तिब्बत में नीति विशेषकर तिब्बतियों की शिक्षा, आर्थिक विकास, जनसंख्या हस्तान्तरण तथा भेदभावपूर्ण व्यवहार पर खुलकर आलोचना किया था। उन्होंने कहा कि पिछले बीस सालों से तिब्बत में चीनी नीतियाँ अति हानिकारक रहा है और इन नीतियों से तिब्बतियों पर आज भी गहरा प्रभाव पड़ रहा है।[25] उन्होंने तिब्बत में बड़ी संख्या में चीनी नौकरशाहों को नियुक्त करने तथा तिब्बत में चीनी प्रवासों को प्रोत्साहित करने की चीनी नीति का जमकर हमला की थीं। इस भाषण में उन्होंने तिब्बत में चीनी नीति विशेष रूप से चीनी शासन द्वारा तिब्बत में बिगड़ती शिक्षा की स्थिति और तिब्बती भाषा को नज़रअन्दाज करने की हर पहलू पर जमकर आलोचना की हैं।[26]

28 जनवरी 1989 को 50 वर्ष के आयु में पेंछेन लामा जी का टाशि ल्हुन्पो मठ में निधन हुई थीं। अधिकारिक रिपोर्ट के अनुसार पेंछेन लामा जी को दिल का दौरा पड़ने से निधन हुई है। फिर भी पेंछेन लामा जी के क़रीबी मित्र और सलाहकार छुल्ट्रिम तेरसे तथा कई लोगों का यह मानना है कि उन्हें ज़हर देकर मारा गया है।[27] सबसे अधिक संभावना यह है कि वह चीन सरकार के खुलकार आलोचना करने वाला व्यक्ति थे। पाँच दिन पहले सरकारी और

धार्मिक नेताओं के बीच हुए एक उच्च स्तरीय बैठक के दौरान उन्होंने यह सुझाव दिये थे कि कुछ नीति-निर्माता सांस्कृतिक क्रान्ति के समय की कई ग़लतियों को दुबारा दोहरा रहा हैं। और कहा कि तिब्बत के मुक्ति के बाद से तिब्बत में विकास हुआ हैं लेकिन वास्तव में इस विकास की लाभ से कई गुना ज्यादा नुकसान हुआ है।[28]

इसमें कोई सन्देह नहीं है कि 10वें पेंछेन लामा जी तिब्बती राष्ट्रवादी थे और वह तिब्बत मुद्दे के लिए शहीद हुए थे। उन्हें चीन सरकार ने अपने विचारों और भावनाओं को व्यक्त करने से वञ्चित किया, एक दशक से अधिक समय के लिए

संघर्ष के दौरान जब पेंछेन लामा को चीनी शासन ने सार्वजनिक रूप से शर्मिंदा और अपमानित किया था, 1966

क़ैद और अपमानित किया गया, फिर भी वह तिब्बत में माओ की नीति के सबसे कठोर और साहसी आलोचक रहे थे।

तिब्बती बौद्ध उच्च शिक्षा संस्थान के उद्घाटन, 1987

10वें पेंछेन लामा, लोबसंग छोक्यि ग्ञालछ़ेन

70 हज़ार अक्षरों की याचिका

दसवें पेंछेन लामा जी की 70 हजार अक्षरों की याचिका-जिसे माओ चे़तुंग ने बताया था "एक ज़हर भरा तीर जो पार्टी को निशाना बनाकर प्रतिक्रियावादी सामंती अधिपतियों द्वारा छोड़ा गया है",[29] निस्सन्देह तिब्बत में चीन सरकार की नीतियों की सबसे प्रभावी और तीखी आलोचना है। इस दस्तावेज़ का आधार तब तैयार हुआ जब 10वें पेंछेन लामा साल 1959 से 1962 के बीच विनाशक 'ग्रेट लीप फॉरवर्ड अभियान के दौरान समूचे तिब्बती इलाकों और साथ ही साथ शिंजियांग तथा दक्षिण चीन में जाँच वाले दौरे पर गये थे। साल 1962 में चीनी प्रधानमंत्री चाउ एनलाई को दी गई इस याचिका का मूल शीर्षक था, "तिब्बत और अन्य तिब्बती क्षेत्रों में जनता की पीड़ा पर एक रिपोर्ट और इस बारे में सुझाव कि सम्मानित प्रधानमंत्री चाउ के द्वारा केन्द्रीय समिति भविष्य में क्या कार्य कर सकती है।

"पेंछेन लामा जी की याचिका में जो चीज़ साफ़ नज़र आ रही थीं वह यह कि, "उनकी याचिका सामयिक चीन और तिब्बत की वास्तविकताओं से एक निर्भीक सामना और प्रत्यक्ष अनुभव पर आधारित थीं, सीधे घटनास्थलों के प्रेक्षण और कठोर अनुभवजन्य विश्लेषण पर...यह तिब्बत में नीतिगत बदलाव का एक मज़बूत तर्क और दमदार तरीक़े से मामला रखता है, तिब्बत की सांस्कृतिक, आर्थिक और राजनीतिक दशा के एक आलोचनात्मक विश्लेषण के सहारे। यह चीन की संवैधानिक गारंटी और मार्क्सवाद की वैचारिक वैधानिकता के सहारे, जिसे कम्युनिस्ट प्रशासन के अधिकारियों के लिए ख़ारिज करना कठिन था, तिब्बती जनता

के अधिकारों और हितों की रक्षा करता है।"[30]

अचरज की बात नहीं है, चीन सरकार ने इस याचिका को एक सरकारी गोपनीय कागज़ की तरह दफ़ना दिया। इस याचिका की विषय-वस्तु के बारे में साल 1996 तक रहस्य बना रहा, उस साल लंदन स्थित एक तिब्बत सूचना नेटवर्क को इसकी एक कॉपी मिली और उसने इसका अंग्रेजी अनुवाद पेश किया। नीचे इसकी सामग्री के विषयवार मुख्य अंश दिए गए हैं।

धर्म के विनाश पर:

लोकतांत्रिक सुधारों से पहले तिब्बत में 2500 बड़े, मध्यम और छोटे मठ थे, लेकिन लोकतांत्रिक सुधारों के बाद सरकार द्वारा सिर्फ 70 मठ ही अस्तित्व में बनाए रखे गए। यह मठों की संख्या में 97 फीसदी की भारी कमी थी...समूचे तिब्बत में पहले क़रीब 1,10,000 भिक्षुओं और भिक्षुणियाँ रहते थे। इनमें से संभवतः 10,000 भागकर विदेश चले गए और वहाँ क़रीब 1,00,000 बचे रहे। लेकिन लोकतांत्रिक सुधार पूरे होने के बाद मठों में रहने वाले भिक्षुओं और भिक्षुणियों की संख्या महज़ 7,000 रह गई, जो पहले के मुकाबले 93 फीसदी कम था।

"जिनके पास धार्मिक ज्ञान है वे लोग धीरे-धीरे मृत्यु हो जाएगा और धार्मिक कार्य ठप पड़ रहे हैं, ज्ञान अगली पीढ़ी तक बाँटा नहीं जा पा रहा, इस बात को लेकर चिन्ता है कि प्रशिक्षण देने के लिए नए लोग नहीं हैं, इस तरह हम देख रहे हैं कि बौद्ध धर्म खात्मा की ओर है जो कि कभी तिब्बत में फला-फूला और जिसने शिक्षा और प्रबोधन का प्रसार किया है। यह ऐसी चीज़ है जो मैं और 90 फीसदी से ज्यादा तिब्बती नहीं सहन कर सकते।

मठों में लोकतांत्रिक सुधार करने के दौरान कई ऐसे कदम उठाए गए जो इन नीतियों के खिलाफ़ थे, इनकी वजह से मठों की हालत इतनी बुरी हो गई कि उसे बयान नहीं किया जा सकता, धर्म का भविष्य दारुण अवस्था में चला गया और पंथनिरपेक्ष लोगों का वास्तव में कोई धार्मिक जीवन नहीं रह गया। नागरिकों का धार्मिक विश्वास का अधिकार पार्टी की नीतियों में समाहित हो गया था और राज्य का संविधान या तो पक्षपाती था या सिर्फ़ नाम के लिए था।"

चीनी कम्युनिस्ट कार्यकर्ताओं द्वारा दुर्व्यवहार परः

"कुछ खास क्षेत्रों में न केवल कम्युनिस्ट पार्टी के काडर या कार्यकर्ताओं का रवैया हमारे धर्म या राष्ट्रीयता के लिए अच्छा नहीं था, बल्कि एक दौर तो ऐसा भी था, जब उन्होंने खुलेआम और अनैतिक ढंग से क्विंघई और गांजी के तिब्बती भाषा के अख़बारों में बौद्ध धर्म और शाक्य मुनि के अशुद्ध तथा ग़लत स्वभाव के बारे में कई अपरिपक्व और निरर्थक विधर्मी विचार प्रकाशित किये...जब ऊँचे स्तर के काडर सुधारों के तरीक़ों के बारे में बात करते थे, तो वे इस बात को लेकर काफ़ी स्पष्ट थे कि उनका शान्तिपूर्ण तरीक़ा क्या है...धीरे-धीरे आगे बढ़ना, कठोर सीमाएं, लक्ष्यों का संरक्षण, जो कि लोगों के लिए सन्तोषजनक था। लेकिन जब यह नीचे की तरफ़ बढ़ा तो प्रत्येक स्तर में तरीक़ा हिंसक होता गया, और काफ़ी बदलाव आ गया, जैसे वे तेज़ गति चाहते थे और चीज़ों को लापरवाही से करते थे, सीमाएं काफ़ी धुँधली हो गईं और संरक्षण अपर्याप्त था।

"सच तो यह है कि किसी तरह का विद्रोह नहीं हुआ, फिर भी कार्यकर्ता जब लोगों का दमन करना चाहते, तो वे उन पर हमले करते, ग़लत आरोप लगाकर और उनको कलंकित करते है यह पहली बात है। दूसरी बातः जो लोग अपने बौद्ध धर्म के पालन और मानवता की खुशी के लिए धर्मग्रन्थों के पाठ के लिए जमा होते थे, उन्हें भी क्रान्ति के खिलाफ़ बताया गया, उनका दमन किया गया और उन पर हमला किया गया। तीसराः कार्यकर्ता न तो कोई जाँच करते थे और न ही अध्ययन, बस वह सिर्फ़ मान लेते थे, इस बेबुनियाद अफ़वाह को कि 'विद्रोह होने जा रहा है' और 'विद्रोह हो चुका है' और वे इसका रक्तरंजित तरीके से दमन करते थे और हमले करते थे। ये तीनों चीज़ें पूरी तरह से निरर्थक थीं और काफ़ी अनाड़ीपन वाली थी।"

अकाल परः

"...तिब्बतियों की मौजूदा जनसंख्या में साफ़ तौर से भारी गिरावट आई है। यह कहने की ज़रूरत नहीं है कि यह न सिर्फ तिब्बती राष्ट्रीयता के फलने-फूलने के लिए नुकसानदेह है, बल्कि यह तिब्बत की मौजूदा राष्ट्रीयता के जारी अस्तित्व के लिए भी काफ़ी ख़तरा हैं, जो कि मौत के कगार पर खड़ी है।"

"अनाज की मात्रा उनका पेट भरने के लिए भी काफ़ी नहीं थी, जिनकी न्यूनतम आवश्यकताएं हैं, कड़वाहट और भूख की आग बढ़ती गई और इसलिए वसा

के टुकड़े, अनाज की भूसी आदि जो पहले तिब्बत में घोड़ों एवं गधों, सांड एवं बैलों आदि के लिए चारा होते थे, उनका मिलना दुर्लभ हो गया और इन्हें पौष्टिक एवं सुगंधित खाद्य पदार्थ माना जाने लगा। इसी तरह, भोजन तैयार करने की विवशता और एक दिन की भूख एवं कड़वाहट को दूर करने के लिहाज़ से कैन्टीन्स के समझदार लोग काफ़ी घास इकट्ठा करने के साथ ही, जो काफ़ी हद तक खाने योग्य नहीं होता था, पेड़ों के छाले, पत्तियाँ, घासों के जड़ और घासों के बीज जैसी ऐसी चीज़ें इकट्ठा करने लगे, जो कि वास्तव में खाने लायक नहीं होते थे। इसको प्रसंस्कृत करने के बाद वे इस कुछ खाद्य पदार्थों के साथ मिलाते थे, इसे सुअरों के भोजन जैसा पतला मांड की तरह बनाते थे और इसे लोगों को खाने के लिए देते थे, इसके बावजूद यह उन्हें सीमित मात्रा में मिल पाता था और इससे उनका पेट नहीं भरता था...कई जगहों पर बहुत से लोग भूख से मर जाते थे, क्योंकि उनके पास खाने के लिए कुछ नहीं होता था। कई पूरे के पूरे परिवार भूख से काल के गाल में चले गए। मृत्यु दर काफ़ी ज्यादा थी। ज्यादातर असामान्य मौतें भोजन के अभाव में ही होती थीं और वास्तव में इन सबको भुखमरी की श्रेणी में ही रखना होगा।”

निष्कर्षः

“इस अवसर पर, मैं अपने किसी भी व्यक्तिगत उद्देश्य को परे रखता हूँ और साहस के साथ इस गम्भीर रिपोर्ट को पेश करता हूँ, जो कि एक अच्छी और महत्वपूर्ण चीज़ है जो मैंने इतिहास में किया है। मैंने यह प्रण लिया है कि भविष्य में मैं निश्चित रूप से पार्टी और लोगों के लिए सिर्फ़ अच्छी चीज़ें करूँगा और निश्चित रूप से अपने इतिहास में ऐसा कोई निशान नहीं रहने दूँगा जो कि कठोर मेहनत करने वाले और बहादुर तिब्बती राष्ट्रीयता के एक वंशज के रूप में मेरी प्रतिष्ठा पर कोई दाग लगाए...मैं आपसे अनुरोध करूँगा कि उपरोक्त चीज़ों पर विचार करते समय उदारता और पवित्र एवं शुद्ध भावना दिखाएं।”

11वें पेंछेन लामा की तलाश

जनवरी 1989 में 10वें पेंछेन लामा जी के निधन ने एक अभूतपूर्व हालात को जन्म दिया। तिब्बत में साल 1959 में चीनी कब्ज़े के बाद यह ऐसा पहली बार था, जब तिब्बत के सबसे महत्वपूर्ण धार्मिक संस्था में से एक, पेंछेन लामा जी के पुनर्जन्म की तलाश करनी थीं। तिब्बत के सबसे सम्मानित पदों में से एक अगले पेंछेन लामा जी की निश्चित रूप से तिब्बती जनता को प्रभावित करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली थीं। इस तथ्य को देखते हुए कि 10वें पेंछेन लामा जी के अप्रत्याशित निधन की वजह से "चीन के सामने भी तिब्बत में कोई विश्वसनीय हस्ती नहीं बची, ऐसे समय में जब ल्हासा में लगातार प्रदर्शन हो रहे थे और चीन सरकार तिब्बती राष्ट्रवादियों द्वारा अपने शासन के प्रति एक गम्भीर, यहाँ तक कि अभूतपूर्व चुनौती का सामना कर रही थी,"[31] यह वास्तव में काफ़ी अहम अवसर था।

चीन सरकार ने तत्काल ही यह दावा किया कि 11वें पेंछेन लामा जी को चुनने का अधिकार उसके पास है। उनके लिए "पेंछेन लामा की पहचान की पुष्टि करने का मुख्य राजनीतिक मूल्य यह था कि तिब्बत पर अतीत और वर्तमान में चीन का दावा प्रदर्शित किया जाए।"[32] प्रधानमंत्री ली पेंग ने यह ऐलान किया कि "चुनाव प्रक्रिया में किसी बाहरी को दखल देने का अधिकार नहीं दिया जाएगा",[33] यह एक ऐसा सन्देश था जिसका साफ़तौर से लक्ष्य परम पावन दलाई लामा जी थे। राज्य परिषद ने एक तलाश समिति का गठन किया और एक प्रतिष्ठित भिक्षु तथा टाशि

जड्रेल रिन्पोछे

टाशि ल्हुनपो मठ के अध्यक्ष जड्रेल रिन्पोछे को इस समिति का अगुआ बनाया। हालाँकि, उन्होंने यह भी ऐलान किया कि 11वें पेंछेन लामा जी के बारे में अन्तिम पुष्टि चीन सरकार द्वारा ही की जाएगी।[34]

बाकी दुनिया के लिए यह विचार ही वास्तव में एक व्यावहारिक मज़ाक जैसा लग रहा था कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी पुनर्जन्म के मामले देख रही है-तिब्बती बौद्ध धर्म की एक परम्परा जो तेरहवीं सदी से चली आ रही हैं। ये वही लोग थे जिन्होंने मठों को नष्ट किया था और धार्मिक दस्तूर पर प्रतिबन्ध लगाए थे, चीनी कम्युनिस्ट पार्टी का कोई भी सदस्य धर्म में विश्वास नहीं कर करता था। फिर भी वे दावा कर रहे थे कि उनके पास तिब्बती बौद्ध धर्म की सर्वोच्च हस्ती में से एक के चयन का अधिकार है। इस पाखण्ड पर हंसा ही जा सकता था, यदि इसका इस मामले में दूरगामी गम्भीर परिणाम नहीं होता।

इस तरह 11वें पेंछेन लामा जी की तलाश शुरू हुईं। चीनी काफ़ी सुविधाजनक स्थिति में थेः "उन्होंने मठों पर नियंत्रण कर लिया, वे यह तय करते थे कि किसी मठ में कितने भिक्षु रह सकते हैं, वे राजनीतिक अध्ययन पर ज़ोर देते थे, वे मठों की गतिविधियों और उनके हिसाब-किताब को नियंत्रित करते थे।"[35] सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि "जब लालच देने का प्रयास विफल हो जाता है तो छड़ी का इस्तेमाल किया जाता थाः गिरिफ़्तारी, प्रताड़ना, पिटाई और धार्मिक जीवन से वञ्चित करना।"[36] इसके अलावा, इस बारे में परम पावन दलाई लामा जी की आवाज़ को नज़रअन्दाज नहीं की जा सकतीं। भारत में क़रीब तीस साल के निर्वासन के बाद भी परम पावन जी की तिब्बती जनता में क़ाफी प्रतिष्ठा है और उनके प्रति क़ाफी श्रद्धा है। अन्त में कहें तो कोई भी पेंछेन लामा जी तिब्बती जनता के द्वारा स्वीकार नहीं किया जाएगा अगर उसे परम पावन दलाई लामा जी से मंजूरी न मिली हो। यह जुलाई 1990 की एक घटना से साफ़ हो गया। ल्हासा के ड्रेपुंङ मठ के भिक्षुओं ने दीवार पर एक पोस्टर लगाया था, जिसमें यह कहा गया था, "स्वर्गीय पेंछेन लामा का पुनर्जन्म हम तिब्बतियों को तभी स्वीकार होगा, यदि यह हमारे गुरु परम पावन दलाई लामा जी द्वारा मंजूर किया गया होगा। हम किसी भी तरह से लाल चीनियों द्वारा नामित व्यक्ति को स्वीकार नहीं करेंगे।"[37]

अप्रैल 1991 में टाशि ल्हुन्पो मठ में समूचे तिब्बत से उच्च लामाओं की एक बैठक बुलाई गई थी। यह विशेष रूप से पेंछेन लामा जी की तलाश के बारे में जड्रेल रिन्पोछे की प्रगति पर एक रिपोर्ट को सुनने के लिए आयोजन किया था। इस बैठक में कई उच्च लामाओं ने चीनी प्रशासन को बताया कि पेंछेन लामा की पुनर्जन्म को मान्यता देने के लिए परम पावन दलाई लामा जी की मंजूरी अनिवार्य है और इसे ख़ारिज नहीं किया जा सकता है।[38] इससे चीनी यह समझने को मजबूर

हो गए कि तिब्बतियों के समर्थन के बिना किसी पेंछेन लामा जी को चुनना उनके लिए निरर्थक है। थोड़े समय की उदारता दिखाते हुए चीनी अधिकारियों ने जड्रेल रिन्पोछे को परम पावन दलाई लामा जी से बात करने की इजाज़त दे दी, लेकिन वे इस बात पर अड़े रहे कि इस बारे में अन्तिम निर्णय करने का अधिकार चीन के पास ही होगा। परम पावन दलाई लामा जी ने जड्रेल रिन्पोछे और तलाश समिति के अन्य सदस्यों को आमंत्रित किया कि वे भारत आकर इस मसले पर चर्चा करें, लेकिन चीन सरकार ने इसकी इजाज़त नहीं दी। साल 1993 में चीन सरकार ने अपना रवैया बदल दिया और इस बात पर पूरी तरह से रोक लगा दी कि जड्रेल रिन्पोछे, परम पावन दलाई लामा जी से किसी प्रकार की सलाह लें। लेकिन तब तक दोनों के बीच संवाद का एक छुपा हुआ रास्ता बन चुका था। जनवरी 1995 में चीनियों को बताए बिना जड्रेल रिन्पोछे ने परम पावन दलाई लामा जी को एक पत्र भेजा, इसके साथ ही एक पैकेट में उन सभी बच्चों की सूची थी, जिन्हें तलाश समिति ने संभावित पुनर्जन्म के लिए विचार में रखा था। पत्र में कहा गया था कि तलाश समिति ने एक ऐसा उम्मीदवार तलाशा है जिन पर उनकी मजबूती से एकमत राय है। परम पावन दलाई लामा जी ने अपने जवाब में तलाश समिति के उस पसन्दीदा विकल्प को सही माना।

14 मई, 1995 को परम पावन दलाई लामा जी ने गेंदुन छोक्यि ञिमा को पेंछेन लामा का 11वां पुनर्जन्म घोषित किया था। चीन सरकार इस चयन प्रक्रिया से पूरी तरह बेसुध थी। इसके जवाब में चीन सरकार ने जड्रेल रिन्पोछे को गिरिफ़्तार कर लिया। 17 मई को गेंदुन छोक्यि ञिमा को भी पूरे परिवार के साथ हिरासत में ले लिया गया, इस तरह यह छह साल का बालक दुनिया का सबसे कम उम्र का राजनीतिक क़ैदी बन गया। चीन सरकार ने यह निर्णय लिया कि दलाई लामा जी की पसन्द को नज़रअन्दाज करते हुए वह अपनी तरह से पुनर्जन्म का चुनाव करेगी। 11 नवम्बर, 1995 को चीन सरकार ने ग्यालछ़ेन नोर्बू को 11वां पेंछेन लामा घोषित कर दिया जो कम्युनिस्ट पार्टी के दो सदस्यों की सन्तान थे। दिसम्बर 1995 में टाशि ल्हुन्पो मठ में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच उनकी ताजपोशी की गई। इस दौरान मठ के चप्पे-चप्पे पर पाँच सौ से ज्यादा सैन्य कर्मी तैनात थे।

फिलहाल ग्यालछ़ेन नोर्बू चीन के बौद्ध संघ के उपाध्यक्ष हैं। साल 2010 में उन्हें चीन के शीर्ष सलाहकार बोर्ड जन परामर्श सम्मेलन की स्थायी समिति में नियुक्त किया गया। इसमें कोई अचरज की बात नहीं है कि वह चीन सरकार और उसकी नीतियों के समर्थक हैं। साल 2008 में चीनी शासन के खिलाफ़ देशव्यापी जनक्रान्ति के दौरान ग्यालछ़ेन नोर्बू ने विरोध प्रदर्शन करने वालों को यह कहते हुए आलोचना की थी कि “हम देश के विघटन और नस्लीय एकता को दमित

तस्वीर देख पाना दुर्लभ बात है। अफवाह तो यह भी है कि चीनी अधिकारी भी ग्यालछ़ेन नोर्बू को 'जिया पेंछेन' यानी फर्जी पेंछेन कहते हैं।

हाल के दिनों में चीन सरकार ने ऐसे कई अहम प्रयास किए हैं कि ग्यालछ़ेन की ख्याति को चीन से बाहर ले जाया जाए। वैसे तो ये प्रयास काफ़ी हद तक विफल रहे हैं, लेकिन ग्यालछ़ेन नोर्बू को किसी तरह की स्वीकार्यता या मान्यता देने का मतलब चीन सरकार के इस प्रयास में भागीदार बनना कि पुनर्जन्म को पहचानने की शताब्दियों पुरानी बौद्ध परम्परा को दूषित किया जाए और इस तरह से तिब्बती जनता के अपने धर्म के पालन के अधिकार पर ख़तरा पैदा होगा।

तिब्बत के 11वें पेंछेन लामा, गेंदुन छोक्यि ञिमा के फोरेंसिक आर्टिस्ट की तस्वीर, अप्रैल 2019

करने वाली सभी गतिविधियों का सख्ती से विरोध करते हैं।"[39] हालाँकि वह तिब्बती जनता में स्वीकार्यता हासिल करने में असफल रहे। यहाँ तक के पेंछेन लामा जी के गृह मठ वाले इलाके शिगाछ़े में भी लोगों के घरों में ग्यालछ़ेन नोर्बू की

11वें पेंछेन लामा को रिहा करने की माँग का संयुक्त राष्ट्र द्वारा किए गए प्रयास का तिथिवार ब्योरा

नवम्बर 1995: पेंछेन लामा जी के मामले को मानवाधिकार अधिकारों के उप-आयोग के 1503 प्रक्रिया (गोपनीय प्रक्रिया) के तहत संचार पर कार्यसमूह के पास भेजा गया। पाँच घण्टे से ज्यादा के विचार के बाद, इस मामले पर आगे किसी कार्रवाई के लायक नहीं समझा गया, खासकर जब समूह के पाँच सदस्यों में से एक चीन के विशेषज्ञ फान गुआओशियांग ने इस पर कड़ी आपत्ति जताई।

1995: कार्यसमूह के ज़बरन या स्वैच्छिक रूप से गायब होने वाले लोगों पर जारी बयान में कहा गया कि, "यह चिन्ता अब भी बनी हुई है कि बच्चा कहाँ है...यह सराहनीय बात होगी यदि चीन सरकार अपने इस बयान के समर्थन में दस्तावेज़ भी पेश करें कि 11वें पंचेल लामा और उनके माता-पिता ने संरक्षण के लिए सरकार से अपील की है और फिलहाल वह सामान्य जीवन जी रहे हैं, उनका स्वास्थ्य पूरी तरह सही है।"

मई 1996: बाल अधिकारों की समिति द्वारा चीन की पहली नियतकालिक समीक्षा के दौरान स्वीडन के श्री थॉमस हैमरबर्ग ने कहा कि समिति इस बात के लिए "चिन्तित है कि दलाई लामा जी ने जिस बच्चे को नया पेंछेन लामा चुना है वह किस हाल में है और आमतौर पर सभी तिब्बती बच्चों की चिन्ता करती है।"

1997: धर्म या विश्वास की स्वतंाता पर गठित विशेष प्रतिवेदक ने यह बताया कि चीन ने यह बयान दिया है कि दलाई लामा जी द्वारा किसी बच्चे को पेंछेन लामा का अवतार घोषित कर देने को वह अवैध मानता है और पेंछेन लामा जी की तलाश के लिए गठित समिति से जड़्रेल रिन्पोछे ने इस्तीफा स्वास्थ्य कारणों से दिया है।

सितम्बर 1998: मानवाधिकारों की उच्चायोग ने ल्हासा का आधिकारिक दौरा किया और चीनी अधिकारियों से पूछा कि पेंछेन लामा जी कहाँ हैं। उन्हें कोई जवाब नहीं मिला।

1999: धर्म या विश्वास की स्वतंत्रता पर गठित विशेष प्रतिवेदक ने चीन के एक और बयान की जानकारी दी जिसमें उसने इस आरोप से इंकार किया है कि गेंदुन छोक्यि ञिमा को हिरासत में लिया गया है। चीन ने कहा कि "निर्वासित अलगाववादियों ने इस बच्चे के अपहरण का प्रयास किया था जिसके बाद बच्चे और उनके माता-पिता के अनुरोध पर सुरक्षा के कदम उठाए गए हैं।" इस बयान में इस बात की भी जानकारी दी गई है कि जड्रेल रिन्पोछे को "राज्य की एकता और नस्लीय जुड़ाव के लिए ख़तरा पैदा करने तथा तिब्बत की स्थिरता एवं विकास को नुकसान पहुँचाने के लिए" कारावास की सजा दी गई है।

2002: मानवाधिकारों के उच्चायुक्त ने चीन के अपने आधिकारिक दौरे के दौरान गेंदुन छोक्यि ञिमा और उनके माता-पिता के गायब रहने के मामले को उठाया। अधिकारियों का कहना था कि यह बच्चा स्वस्थ है और उनके माता-पिता निजता चाहते हैं।

9 जून 2005: धर्म या विश्वास की आज़ादी पर गठित विशेष प्रतिवेदक ने एक पहल की कि "पेंछेन लामा के गायब होने की दसवीं वर्षगांठ पर ज़ोर दिया जाए।"

सितम्बर 2005: बाल अधिकार पर समिति द्वारा चीन की नियतकालिक समीक्षा के दौरान तिब्बती प्रतिनिधि के रूप में टाशि ल्हुनपो मठ के केलखांग रिन्पोछे जैसे वरिष्ठ प्रतिनिधि भी शामिल हुए। अपने निष्कर्ष में समिति ने कहा कि उसने "चीनी अधिकारियों से यह कहा है कि किसी स्वतंत्र विशेषज्ञ को चीन में जाने और यह पुष्टि करने की इजाज़त दी जाए कि गेंदुन छोक्यि ञिमा ठीक-ठाक हैं और इस दौरान उनकी तथा उनके माता-पिता की निजता का पूरा ध्यान रखा जाए।"

मई 2006: जबरन या स्वैच्छिक रूप से गायब होने वाले लोगों पर गठित कार्यसमूह ने इस बारे में एक बयान जारी किया कि उसकी बैठक में किस तरह से पेंछेन लामा के मामले पर चर्चा की गई और उसने कहा कि, "यह उसी दिन हुई जिस दिन पेंछेन लामा का 17वां जन्मदिन था जो कि 6 साल की उम्र में गायब हो गए थे।"

9 मई 2007: धार्मिक या विश्वास की आज़ादी पर गठित विशेष प्रतिवेदक ने मानवाधिकार परिषद के सातवें सत्र में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुये कहा कि "चीन सरकार ने महत्वपूर्ण पुनर्जन्म की पहचान और प्रशिक्षण के मामलों में दख़ल दिया है ताकि तिब्बती समाज में इन महत्वपूर्ण हस्तियों की राजनीतिक निष्ठा पर नियंत्रण हासिल किया जा सके।"

17 जुलाई 2007: चीन सरकार ने धार्मिक या विश्वास की आज़ादी पर गठित विशेष प्रतिवेदक को लिखे एक पत्र में कहा कि गेंदुन छोक्यि ञिमा "एक पूरी तरह साधारण बच्चे हैं और स्वास्थ्य बहुत बढ़िया

है। वह एक सामान्य, खुशहाल जीवन जी रहे हैं और एक अच्छी शिक्षा और सांस्कृतिक रूप से लालन-पालन उन्हें मिल रहा है...यह आरोप कि वह अपने माँ-बाप के साथ गायब हैं और उनका कोई पता नहीं है, वास्तव में सच नहीं है।"

12 दिसम्बर 2008: प्रताड़ना के खिलाफ़ गठित समिति ने अपने निष्कर्ष में यह सुझाव दिया है कि "चीन को जबरन गायब करने की घटना को रोकने और प्रतिबन्धित करने तथा गेंदुन छोक्यि ञिमा सहित गायब होने वाले लोगों की हालत पर प्रकाश डालने के लिए सभी ज़रूरी कदम उठाने चाहिए।"

8 अप्रैल 2011: जबरन या स्वैच्छिक रूप से गायब होने के मामलों पर गठित कार्यसमूह ने एक सार्वजनिक बयान जारी कर पेंछेन लामा जी के मामले पर चिन्ता जताई, जो कि "16 साल पुराना मामला है।"

सितम्बर 2013: बाल अधिकारों पर गठित समिति (सीआरसी) द्वारा चीन की तीसरी नियतिकालिक समीक्षा के दौरान चीनी प्रतिनिधि श्री झाओ ची ने बताया कि "गेंदुन छोक्यि ञिमा किसी अन्य साधारण बच्चे की तरह ही हैं," जब सीआरसी की अध्यक्ष सुश्री सैंडबर्ग ने सवाल किया। अपने निष्कर्ष में समिति ने कहा कि "वह इस बात से काफ़ी व्यथित है और चीन को तत्काल एक स्वतंत्र विशेषज्ञ को गेंदुन छोक्यि ञिमा से मिलने देना चाहिए और उनकी सेहत तथा हालत की पुष्टि कर देनी चाहिए।"

सितम्बर 2018: मानवाधिकार परिषद के 39वें सत्र में जबरन और स्वैच्छिक रूप से गायब लोगों पर गठित संयुक्त राष्ट्र समूह ने यह दोहराया कि "चीन में हिरासत में लिए गए लोगों पर वह चिन्ता जताता है... चीन सरकार से यह आग्रह करता है कि इस बात का खुलासा करें कि ऐसे सभी हिरासत में लिए गए लोग कहाँ हैं और उनकी क्या हालत है।"

अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय का बयान

साल 2020 ग्यारहवें पेंछेन लामा जी और उनके परिवार तथा जड्रेल रिन्पोछे के अपहरण का 25वां वर्ष है। 25 अप्रैल को पेंछेन लामा गेंदुन छोक्यि ञिमा के 31वें जन्मदिन पर केन्द्रीय तिब्बती प्रशासन ने 13 देशों के तिब्बत कार्यालय के माध्यम से एक महीने का वैश्विक हिमायत अभियान शुरू किया ताकि गेंदुन छोक्यि ञिमा की रिहाई की आवाज़ तेज़ हो और चीन पर इस बात के लिए दबाव बने कि वह इस बारे में स्पष्ट सूचना दे कि गेंदुन छोक्यि ञिमा की मौजूदा हालत कैसी है और वह कहाँ हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि अन्तर्राष्ट्रीय समुदाय से इस अभियान को ज़बरदस्त समर्थन मिला। नीचे इस अभियान से जुड़े कुछ बयान और पत्र दिए गए हैं।

PALAIS DES NATIONS • 1211 GENEVA 10, SWITZERLAND

Mandates of the Working Group on Enforced or Involuntary Disappearances; the Working Group on Arbitrary Detention; the Special Rapporteur in the field of cultural rights; the Special Rapporteur on minority issues; and the Special Rapporteur on freedom of religion or belief

REFERENCE:
AL CHN 12/2020

2 June 2020

Excellency,

We have the honour to address you in our capacities as Working Group on Enforced or Involuntary Disappearances; Working Group on Arbitrary Detention; Special Rapporteur in the field of cultural rights; Special Rapporteur on minority issues; and Special Rapporteur on freedom of religion or belief, pursuant to Human Rights Council resolutions 36/6, 42/22, 37/12, 34/6 and 40/10.

In this connection, we would like to bring to the attention of your Excellency's Government information we have received concerning **the continued enforced disappearance of Gedhun Cheokyi Nyima, and the regulation of reincarnation of Tibetan living Buddhas against the religious traditions and practices of the Tibetan Buddhist minority.** The 17 May 2020 marked 25 years since the disappearance of Gedhun Cheokyi Nyima.

The case of Gedhun Cheokyi Nyima has previously been raised with your Excellency's Government by Special Procedures mandate holders in CHN 13/2005 and CHN 12/2007. We thank your Excellency's Government for the replies received to these communications.

We would also like to recall that the case of Gedhun Cheokyi Nyima has also been treated under the humanitarian mandate of the Working Group on Enforced or Involuntary Disappearances.

Furthermore, Special Rapporteurs on freedom of religion or belief have raised concerns on the measures taken by the authorities to manage the search, identification and the reincarnation of Buddhist Lamas in 1991 (E/CN.4/1992/52, para 22), 1996 (E/CN.4/1996/95, para 40) and 2006 (E/CN.4/2006/5/Add.1, paras 94-95).

According to the information received:

On 14 May 1995, Mr. Gedhun Cheokyi Nyima, then six years of age, was recognized as the 11th reincarnation of the Panchen Lama by the Dalai Lama. Shortly after this date, Mr. Nyima and his parents were taken away from their village by members of the Chinese Government. The 17 May 2020 marked 25 years since the disappearance of Gedhun Cheokyi Nyima.

The Government of China has confirmed that he was taken away with his family but has refused to provide precise information on his fate and whereabouts despite

multiple requests. The Government initially indicated he was being held in "government protection," and later that he was living a normal life. During this period, he has reportedly been deprived of the religious education in Tibetan Buddhism.

Following the disappearance of Mr. Gedhun Cheokyi Nyima, the Chinese Government attempted to nominate and appoint their preferred choice of individual as the eleventh Panchen Lama. Moreover, the authorities also attempted to regulate the appointment of Tibetan religious leaders, which went against the intrinsic beliefs and religious traditions of Tibetan Buddhists. In 2007, the Government issued the "State Religious Affairs Bureau Order No.5 (Bureau Order)" that specifically laid down measures in managing the reincarnation of Tibetan living Buddha. In article 2 of Bureau Order, it was stressed that "living Buddha reincarnations should respect and protect the principles of the unification of the state, protecting the unity of the minorities, protecting religious concord and social harmony, and protecting the normal order of Tibetan Buddhism". In articles 3 and 4, the Bureau Order set the conditions for the application of reincarnation of living Buddha and also granted authority to local Governments to decide if a reincarnation is permissible. In the rest of the Bureau Order, it detailed various procedures for receiving the Buddhist Association of China's opinion and the State's permission or approval for reincarnation.

In 2016, the Chinese Government published an online database of the State-approved Tibetan Buddhist reincarnations with over 1300 biographies of living Buddhas residing in the country as provided by the Buddhist Association of China. The regulation of reincarnation is enhanced subsequently in article 36 of the Religious Affairs Regulations 2017, which provides that: "the succession of living Buddhas in Tibetan Buddhism is to be conducted under the guidance of Buddhist groups and in accordance with the religious rites and historical conventions, and is to be reported for approval to the religious affairs department of people's governments at the provincial level or above or to a people's government at the provincial level or above". Many Tibetan Buddhists have expressed their concerns about the regulation of reincarnation as it undermines the Tibetan religious traditions and practices while such regulation allow the State to interfere in the choice of their religious leaders. Furthermore, there is fear that the Chinese authority will identify and appoint the successor of the current (fourteenth) Dalai Lama against the Tibetan traditions and the wish of Tibetan Buddhist communities.

Without prejudging the accuracy of this information, we express grave concern at the continued refusal by the Government of China to disclose precisely the whereabouts of Gedhun Cheokyi Nyima. We are also particularly concerned that the regulation of reincarnation of Tibetan living Buddhas may interfere and possibly undermines, in a discriminatory way, the religious traditions and practices of the Tibetan Buddhist minority.

Should these allegations be confirmed, they would contravene international human rights law provisions, such as the prohibition against discrimination, the right to recognition as a person before the law and to its equal protection without discrimination, the right not be deprived arbitrarily of one's liberty, the right to freedom of thought, conscience and religion and to freely participate in cultural life in accordance with articles 2, 3, 6, 7, 9, 18 and 27 of the Universal Declaration of Human Rights, and article 15 of the International Covenant on Economic, Social and Cultural Rights. The continued enforced disappearance of Mr. Gedhun Cheokyi Nyima for the past 25 years contravenes several articles of the United Nations Declaration on the Protection of All Persons from Enforced Disappearances including articles 2 and 7.

The disappearance of Mr. Gedhun Cheokyi Nyima has been raised with your Excellency's Government multiple times by Special Procedures mandate holders. The UN Committee on the Rights of the Child (CRC) has also requested China to allow an independent expert to visit Mr. Gedhun Cheokyi Nyima to confirm his whereabouts and verify the fulfilment of his rights (CRC/C/SR.299 and CRC/C/CHN/CO/3-4). We note that your Excellency's Government has expressed on several occasions its support for the international community's efforts to eliminate and prevent enforced disappearances, including at the Human Rights Council. **We thus reiterate our demand for your Excellency's Government to provide prompt and detailed information on Mr. Gedhun Cheokyi Nyima's whereabouts and we endorse the CRC's recommendation to allow an independent monitor to visit him to confirm his whereabouts and the extent to which he is able to enjoy and exercise his rights. We also appeal to your Excellency's Government to ensure that Tibetan Buddhists are able to freely practice their religion, traditions and culture without interference.**

